**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4201**

**20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान**

**4201. श्री राजू बिष्ट:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा जनवरी, 2022 से व्यक्तियों को तपेदिक (टीबी) से संक्रमित होने से रोकने और जागरूकता पैदा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है;
(ख) जनवरी, 2022 से तपेदिक रोग से ग्रस्त पाए गए व्यक्तियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार ब्यौरा क्या है;
(ग) नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) के अंतर्गत तपेदिक के रोगियों को पोषण सहायता के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि आवंटित, संवितरित और व्यय की गई है; और
(घ) क्या सरकार प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के अंतर्गत अन्य पहलों को शामिल करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तत्वावधान में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) पूरे देश में कार्यान्वित किया जा रहा है और सरकार ने शीघ्र निदान, त्वरित उपचार और निवारक उपायों के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

- राज्य और जिला विशिष्ट कार्यनीतिक योजनाओं के माध्यम से उच्च टीबी रोगभार वाले क्षेत्रों में लक्षित कार्यकलाप।
- टीबी रोगियों के लिए नि:शुल्क दवाओं और निदान का प्रावधान।
- विशेष कमजोर और सह-रुग्ण आबादी में अभियानों के माध्यम से सक्रिय टीबी मामले की खोज।
- टीबी स्क्रीनिंग और उपचार सेवाओं के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर का एकीकरण।
- टीबी मामलों की अधिसूचना और प्रबंधन के लिए प्रोत्साहन के साथ निजी क्षेत्र की भागीदारी।

- उप-जिला स्तरों पर आणविक निदान प्रयोगशालाओं का विस्तार।
- दवा प्रतिरोधी टीबी के लिए मुख सेव्य, शीघ्र, सुरक्षित और अधिक प्रभावी सभी उपचार की शुरूआत।
- पोषण सहायता के लिए नि-क्षय पोषण योजना के तहत प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रति रोगी 1000/- रुपये प्रति माह प्रोत्साहन राशि बढ़ाना।
- नि-क्षय मित्र पहल के तहत टीबी रोगियों और संपर्क में आने वाले पारिवारिक सदस्यों को अतिरिक्त पोषण, नैदानिक और व्यावसायिक सहायता का प्रावधान।
- टीबी रोगियों और कमज़ोर आबादी के संपर्क सदस्यों को टीबी निवारक उपचार का प्रावधान।
- नि-क्षय पोर्टल के माध्यम से अधिसूचित टीबी मामलों की ट्रैकिंग।
- हीन भावना को कम करने, सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने और स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार करने के लिए गहन सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) कार्यकलाप।
- टीबी उन्मूलन के लिए संबंधित मंत्रालयों के प्रयासों और संसाधनों का अभिसरण।

(ख): जनवरी, 2022 से टीबी रोग से पीड़ित व्यक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

(ग) और (घ): सरकार ने टीबी रोगियों को पोषण सहायता के लिए नि-क्षय पोषण योजना (एनपीवाई) के तहत प्रोत्साहन राशि को मौजूदा 500 रुपये से बढ़ाकर 1000/- रुपये प्रति माह कर दिया है, जो 1 नवंबर, 2024 से उपचार की पूरी अवधि के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के रूप में होगा। वर्ष 2024-25 के लिए एनपीवाई हेतु कुल बजटीय आवंटन 864.53 करोड़ रुपये है। प्रारंभ से लेकर अब तक अप्रैल, 2018 से अक्टूबर, 2024 तक 1.16 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को 3286.40 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

इसके अलावा, सरकार ने नि-क्षय मित्र पहल का दायरा बढ़ाया है, जिसके तहत टीबी रोगियों को पोषण और सामाजिक सहायता प्रदान की जाती है। टीबी रोगियों के संपर्क में आने वाले सभी पारिवारिक सदस्य इस पहल के तहत लाभ पाने के पात्र हैं।

अनुलग्नक

दिनांक **20/12/2024** को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **4201** के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

| वर्ष 2022, 2023 और 2024* में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार टीबी मामलों की अधिसूचना | | | |
|---|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2022 (जनवरी-दिसंबर)** | **2023 (जनवरी-दिसंबर)** | **2024 (जनवरी-अक्टूबर)** |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 534 | 561 | 445 |
| आंध्र प्रदेश | 92187 | 89064 | 69371 |
| अरुणाचल प्रदेश | 2863 | 2604 | 2430 |
| असम | 47822 | 51862 | 42202 |
| बिहार | 161165 | 186974 | 167193 |
| चंडीगढ़ | 6066 | 6721 | 5885 |
| छत्तीसगढ़ | 38521 | 38924 | 32526 |
| दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 1399 | 1167 | 889 |
| दिल्ली | 106731 | 100523 | 88868 |
| गोवा | 2091 | 2082 | 1710 |
| गुजरात | 151912 | 144507 | 113431 |
| हरियाणा | 75838 | 80490 | 73703 |
| हिमाचल प्रदेश | 16089 | 15648 | 13429 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 11804 | 11754 | 10442 |
| झारखंड | 57320 | 61717 | 53213 |
| कर्नाटक | 80416 | 81862 | 65186 |
| केरल | 23388 | 21799 | 17267 |
| लद्दाख | 320 | 320 | 235 |
| लक्षद्वीप | 11 | 6 | 6 |
| मध्य प्रदेश | 186293 | 184691 | 149093 |
| महाराष्ट्र | 234105 | 227664 | 186706 |
| मणिपुर | 2554 | 2495 | 2067 |
| मेघालय | 4989 | 4908 | 3890 |
| मिजोरम | 2085 | 2273 | 1985 |
| नगालैंड | 4125 | 4287 | 3419 |
| ओडिशा | 60372 | 62387 | 48917 |
| पुदुचेरी | 3835 | 4169 | 2843 |
| पंजाब | 55150 | 55224 | 49739 |
| राजस्थान | 169522 | 165123 | 145405 |
| सिक्किम | 1395 | 1391 | 1122 |
| तमिलनाडु | 93879 | 98251 | 77820 |
| तेलंगाना | 72941 | 74994 | 62722 |
| त्रिपुरा | 3024 | 3386 | 2760 |
| उत्तर प्रदेश | 522850 | 632872 | 563573 |
| उत्तराखंड | 27553 | 26829 | 24984 |
| पश्चिम बंगाल | 100972 | 102728 | 83962 |

* दिनांक 19 नवंबर, 2024 तक की स्थिति के अनुसार
डेटा स्रोत: नि-क्षय

*****